# कैबिनेट ने लिया निर्णय

## सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों के पट्टों की रजिस्ट्री कराएगी सरकार

**25 602 परिवारों को मिले पट्टों की होगी रजिस्ट्री**

**06 सौ करोड़ से अधिक खर्च करेगी राज्य सरकार**



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 3 फरवरी. राज्य सरकार सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापित परिवारों को मिले आवासीय पट्टों का अब अपने खर्चे पर रजिस्ट्री कराएगी. ऐसे लगभग 25602 परिवारों को मिले पट्टे की रजिस्ट्री कराने पर राज्य सरकार 600 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी. इन में से ज्यादातर परिवार जनजातीय समुदाय से हैं.**

उन्हें परियोजना के कारण वर्ष 2016 में विस्थापित किया गया था, अब 9 वर्ष बाद रजिस्ट्री कराने से वे अपने आवास के पूर्ण स्वामी बन जाएंगे. रजिस्ट्री के लिए पंजीयन शुल्क और स्टॉम्प ड्यूटी की भरपाई करने की जिम्मेदारी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की होगी.

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. कैबिनेट ने मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपये की भी मंजूरी दी है. मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपए है, इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 किसानों को फायदा होगा. इसी तरह कटनी जिले की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड 92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है. इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 किसान लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी. दोनों ही परियोजना से 14310 किसानों को फायदा मिलेगा.

### चलती रहेंगी संबल सहित 10 योजनाएं

कैबिनेट ने 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रूपये से अधिक की मंजूरी दी है. निर्णय के मुताबिक वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपये, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपये, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गौ संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपये, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख रूपये और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है. कैबिनेट ने मप्र राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति दे दी है. बोर्ड में 6 कर्मचारी पदस्थ थे.

## जायदाद के लिए पुत्र ने की पिता की हत्या

**छिन्दवाड़ा.** बिछुआ थाना अंतर्गत ग्राम गोनावाड़ी में कलियुगी पुत्र ने जमीन जायदाद के बटबारे को लेकर अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया. मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है. ग्राम गोनावाड़ी में विगत 01 फरवरी को 58 वर्षीय पतिराम परतेती की अज्ञात कारणों से मृत्यु होने की सूचना मिली थी. इसके बाद पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घटना की तस्दीक करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच आरम्भ की गई. पुलिस की विवेचना के दौरान मालूम पड़ा कि मृतक पतिराम के दो बेटे हैं. बबलू नाम के पुत्र को हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है.

### सीएम डॉ. मोहन यादव से केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने भेंट की



**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की.

## पुलिस ने की 67 .34 लाख रुपए की शराब जब्त

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल,03 फरवरी.** मध्यप्रदेश पुलिस ने श्योपुर और कटनी जिलों में 67.34 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब और वाहन जब्त किए हैं. श्योपुर जिले में एक ट्रक से अंग्रेजी शराब की 635 पेटियां बरामद की गईं. जब्त सामान की अनुमानित कीमत 58.90 लाख रुपये बताई गई. दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा कटनी के देवरीटोला गांव के पास कार की तलाशी में देशी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 8.44 लाख रुपये है.






## घने कोहरे से इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

**नवभारत न्यूज़**
**इंदौर, 3 फरवरी. मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण इंदौर एयरपोर्ट पर हवाई यातायात प्रभावित रहा. दृश्यता घटकर 600 मीटर तक पहुंचने से इंदौर आने वाले दो यात्री विमान यहां लैंड नहीं कर पाए और उन्हें क्रमशः अहमदाबाद और राजकोट भेजा गया. इसके कारण यात्रियों को संबंधित शहरों में ही इंतजार करना पड़ा.**

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई से सुबह 7.45 बजे इंदौर आने वाली और 8.15 बजे वापस मुंबई जाने वाली फ्लाइट तय समय पर एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन रनवे पर दृश्यता कम होने के कारण पायलट ने लैंडिंग का प्रयास नहीं किया, विमान को राजकोट डायवर्ट कर दिया. इसी तरह मुंबई से सुबह 9.05 बजे इंदौर आकर 9.35 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट भी तय समय पर एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन घने कोहरे के कारण इसे अहमदाबाद भेजा गया. एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद दोनों डायवर्ट की गई उड़ानों को इंदौर वापस लाने की प्रक्रिया की गई. यात्रियों को संबंधित एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा गोवा में खराब मौसम के कारण पुणे-इंदौर-गोवा रूट की फ्लाइट निरस्त कर दी गई. इन उड़ानों के डायवर्ट और निरस्तीकरण से यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ा.

### दो फ्लाइट्स डायवर्ट




## गेहूं उपार्जन के लिये 7 से शुरू होगा पंजीयन

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 3 फरवरी. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा. किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं.**

पंजीयन के लिए कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं. केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूं का एमएसपी 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है. पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है. पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है.





TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/06/25


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14